# वर्षिक रिपोर्ट

## साकार सोसाइटी फॉर डिफरेंटली एबल्ड पर्सन्स


Sakar Society For Differently Abled Persons

SUNDER NAGAR, DISTT- MANDI [H.P]

## 2021—22

गाँव डोढवां, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

विभिन्न रूप से सक्षम बच्चों का विशेष स्कूल साकार, सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)



# भूमिका

साकार सोसायटी जिला मण्डी की तहसील सुन्दरनगर के गांव डोढ़वा पंचायत कपाही में विशेष बच्चों को शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक Day Care स्कूल चलाती है। यह स्कूल 2008 से विशेष बच्चों को शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।



## साकार सोसाइटी ने इन कार्यों को करने का जिम्मा लिया है

1. शहर के साथ गांव के विशेष बच्चों को स्कूल पहुँचाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना।
2. गरीबी रेखा से नीचे परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना।
3. विशेष बच्चों के माता–पिता को समय–समय पर परामर्श देना।

# साकार सोसायटी के उद्देश्य

इस संस्था का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों का कल्याण करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि वह समाज में समाजस्य स्थापित कर सके।

# साकार विशेष स्कूल

साकार विशेष स्कूल गांव डोढ़वा में स्थित है। इस स्कूल में वर्तमान समय में 71 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। बच्चों को वाहनों द्वारा घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाया व ले जाया जाता है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 5 विशेष शिक्षक, 1 व्यावसायिक शिक्षक व 1 फिजियोथेरेपिस्ट है, और साथ में बच्चों की देख–रेख के लिए 2 Peon है।



# कक्षा का वर्गीकरण

- प्री–प्राइमरी
- प्राइमरी–।
- प्राइमरी–।।
- सेकेन्डरी
- प्री वोकेशनल–।
- प्री–वाकेशनल–।।
- वोकेशनल
- केमर ग्रुप










# साकार स्कूल की अन्य शाखाएं

1. पधर

2. कांगू

## 1. पधर :—

साकार की दूसरी शाखा पधर में है। इस शाखा में 18 विशेष बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। यहां पर बच्चों को पढ़ाने के लिए एक विशेष शिक्षक व एक Peon है।





## 2. कांगू :–


साकार संस्था ने इस शाखा की नीव 10 जुलाई 2018 को कांगू तहसील सुन्दरनगर में रखी थी। इस शाखा में अब तक लगभग 20 बच्चे विशेष शिक्षा ग्रहण करने आते है। इस शाखा में 2 विशेष शिक्षक व एक Peon है। इस स्कूल में एक वाहन के द्वारा बच्चों को स्कूल लाया व वापिस घर छोड़ा जाता है।








# फिजियोथेरेपरी सेन्टर

साकार संस्था एक फिजियोथेरेपी सेन्टर भी स्कूल में चला रही है। इस सेन्टर में विशेष बच्चों को आवश्यकता अनुसार थेरेपर दी जाती है।




# स्पीच थेरेपी सेन्टर

साकार संस्था द्वारा विशेष बच्चों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संस्था में स्पीच थेरेपी भी दी जाती है।

# शीघ्र हस्तक्षेप

साकार संस्था द्वारा गांव–गांव में जा कर सर्वे करती है तथा छोटे बच्चों को शीघ्र पहचान करके उन्हें उचित प्रषिक्षण दे कर शीघ्र हस्तक्षेप को लागू किया जा सके

# मनोरंजन कार्य

साकार संस्था विषेष बच्चों को विभिनन प्रकार की मनोरंजनात्मक क्रियाकलाप सिखाता है। जिससे बच्चों की क्षमता के अनुसार क्रियाएं करवाई जाती है। जिसमें कलात्मक क्रियाएं और विभिन्न प्रकार की क्रियाएं करवाई जाती है। बच्चे विभिन्न अवसरों पर अपनी प्रतिभाएं दिखाते है। जैसे – 15 अगस्त, 26 जनवरी, दिपावली आदि के प्रोग्राम।







# यातायात की सुविधा




साकार संस्था विषेष बच्चों को घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाना व वापिस ले जाने के लिए यातायात की सुविधा प्रदान करती है। इसके लिए संस्था 5 वाहनों का इस्तेमाल करती है।

# व्यावसायिक यूनिट

साकार संस्था में एक व्यावसायिक यूनिट भी चला रखी है। इस यूनिट में एक षिक्षक है वह बड़े बच्चों को (18+) व्यावसायिक प्रषिक्षण प्रदान करते है। इस यूनिट में टोकरी बनाना, कढ़ाई/सिलाई करना, स्वेटर बनाना, कैरी बैग बनाना, पत्तल व टैड़ी बियर इत्यादि बनाना सिखाए जाते हैं। साथ में मोमबत्ती बनाना, कागल के लिफाफे, अचार बनाना इत्यादि सिखाया जाता है।











# हेल्थ व डेन्टल चेकअप

साकार संस्था द्वारा समय–समय पर हेल्थ व डेन्टल चेकअप कैम्प का आयोजन किया जाता है। जिसमें विषेष बच्चों का स्वास्थ्य व दांतों की जाचं की जाती है।









# खेल–कूद प्रतियोगिताएं

साकार विषेष स्कूल में बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेल–कूद गतिविधियाँ करवाई जाती है। जिसमें बेडमिन्टन, क्रिकेट, वालीबॉल, लम्बी व ऊँची कूद तथा अन्य खेल खेलना सिखाया जाता है।








# साकार SHOPEE:–

साकार संस्था द्वारा सुन्दरनगर में एक **"SAKAR SHOPPE"** नाम से एक छोटी सी दुकान चलाई जाती है। इसमें बच्चों द्वारा बनाया गया सामान प्रदर्शित किया जाता है व बेचा जाता है।








**06 मार्च से 11 मार्च 2021 तक :–** फलोर बॉल गेम का आयोजन बिलासपुर में किया गया जिसमें हमारे संस्था के 3 बच्चों व 1 कोच ने भाग लिया। यह आयोजन बच्चों की Selection के लिए किया गया था।

**12 मार्च 2021 :–** साकार स्कूल के बच्चें व स्टाफ मण्डी षिवरात्री मेले की शुभारम्भ प्रोग्राम में शामिल हुए व वहां की विभिन्न क्रियाओं में भाग लिया तथा बच्चों के द्वारा बनाया गया सामान प्रदर्षिनी में लगाया तथा बेचा।




**12 मार्च 2021 :–** विश्व योग दिवस का आयोजन BBMB Staff Club Colony में किया गया वहां पर साकार स्कूल के बच्चों व स्टाफ ने भाग लिया।







**21 जून 2021 :–** साकार संस्था के 2 बच्चों व 1 कोच ने दिल्ली में आयोजित फलोर बॉल गेम के Selection Camo में भाग लिया।

**28 जुलाई 2021 TLM Kits का आंवटनः–** साकार संस्था ने NT से मिली TLM Kits का आंवटन किया इस मौके पर SDM सुन्दरनगर मुख्य अतिथि रहे व उनके हाथों से बच्चों को TLM Kits बांटी गई।



**15 अगस्त 2021 :–** साकार संस्था के बच्चों ने स्वतन्त्रता दिवस पर आयोजित प्रोग्राम में भाग लिया। यह आयोजन नेहरू पार्क सुन्दरनगर में आयोजित किया गया।






**23 सितम्बर से 2 अक्तुबर 2021 :–** साकार संस्था के 1 कोच व 1 बच्चे ने फलोर बॉल Prep Camp जो सोनीपत हरियाणा में आयोजित किया गया वहां पर उस Camp में भाग लिया।











**27 अक्तुबर 2021 Annual Day :–** साकार संस्था ने अपने स्कूल में वार्षिक समारोह मनाया। इस वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री नागेष गुलेरिया जी रहे।










**8 नवम्बर से 14 नवम्बर 2021 :–** साकार संस्था ने एक (Skill Development and Vocational Training Camp for Teddy Bear Making) प्रषिक्षण Workshop का आयोजन किया यह ˘वर्तीवच साकार को JICA Project Himachal Pradesh Forest Development Shimla की तरफ से मिला। श्री नागेश गुलेरिया जी (CPD JICA Project) ने यह ˘वर्तीवच साकार को दिया






**26 जनवरी 2022 :–** साकार संस्था के बच्चों ने गणतन्त्र दिवस के प्रोग्राम में भाग लिया। यह प्रोग्राम नेहरु पार्क सुन्दरनगर में आयोजित किया गया।








**4 मार्च से 6 मार्च 2022 :–** साकार संस्था के बच्चों ने शिवरात्री मेले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में अपनी भागादारी दी।


TECNO
SPARK


TECNO
SPARK



**26 मार्च 2022 Dental Check-up Camp :–** हिमाचल डेन्टल कॉलेज सुन्दरनगर ने साकार स्कूल में एक डेन्टल चेकअप कैम्प का आयोजन किया। इस कैम्प में विशेष बच्चों के दॉतों की जाचं की गई।





